सुविचार
जो तुम्हें थका रहा है, वही
मजबूत भी बना रहा है।
फर्क नजरिए का है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 22 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00

dainikbhaskar.com झुंझुनूं, शनिवार, 17 मई, 2025 ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष-5, 2082 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, शनिवार, 17 मई, 2025 झुंझुनूं - चिड़ावा - पिलानी गुढ़ागौड़जी - बुहाना - सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

शहर-समाज

सीरी में स्वच्छता पखवाड़े का समापन

पिलानी. स्वच्छता पखवाड़ा समापन कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान सदस्य।

पिलानी | सीरी पिलानी में स्वच्छता पखवाड़े का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। अध्यक्षता करते हुए संस्थान निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया। संस्थान के कार्मिकों व पुरस्कार विजेताओं से कहा कि स्वच्छता अभियान वर्ष पर्यंत चलने वाली प्रक्रिया है, हमें इसमें अनिवार्य रूप से अपना योगदान देना चाहिए। आयोजन समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नीरज कुमार ने विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी। पखवाड़ा अवधि के दौरान आयोजित गतिविधियों की वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। अंत में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राहुल प्रजेश ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सहकर्मियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। सीरी के पीआरओ रमेश बौरा ने बताया कि पिलानी स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान में 1 से 15 मई तक आयोजन किया गया।